## सार-समाचार

### ए नेगेटिव एस.डी.पी. उपलब्ध कराई

**कोटा,** (निसं)। टीम जीवनदाता कई लोगों के जीवन को तारने वाली तारणहार बन रही है। नेगेटिव ग्रुप होने के बावजूद भी प्रयास चरम स्तर पर होते हैं और आखिर मरीज को समय रहते एसडीपी उपलब्ध करा दी जाती है। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि सवाई माधोपुर से कोटा आ रहे मरीज राहुल गुर्जर को ए नेगेटिव एसडीपी की आवश्यकता थी, परिजन मनराज गुर्जर परेशान हो रहे थे, उन्होंने देवली, बूंदी सवाईमाधोपुर सहित कई जगह ए नेगेटिव एसडीपी के लिए प्रयास किया लेकिन कहीं भी व्यवस्था नहीं हो सकी, कोटा में उन्होंने टीम जीवन दाता से संपर्क किया, उसके बाद टीम संरक्षक भुवनेश गुप्ता ने कई लोगों को कॉल किया, ऐसे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में सक्रिय रहने वाले अशोक दाधीच को कॉल किया तो उनके घर मेहमान आए हुए थे लेकिन सभी कामों को छोड़कर वह पहले अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे, जहां उन्होंने सातवीं बार एसडीपी डोनेट की है। इससे पूर्व वह 108 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। दाधीच का यह जज्बा और समर्पित सेवा भाव देखा तो मरीज के परिजन भी भावुक हो गए। अशोक दाधीच ने कहा कि ए नेगेटिव ग्रुप बेहद ही मुश्किल है लेकिन मैं अपने आप को भाग्यशाली समझता हूं, किसी की सेवा करने से काफी अच्छा लगता है।

### जलभराव की समस्या से निजात की मांग

**छबड़ा** (निसं)। भूलोन पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांवो के ग्रामीणों के लिए अंडर रेलवे पास में जलभराव की स्थिति जी का जंजाल बनी हुई हैं। इससे स्कूली विद्यार्थी, राहगीर, वाहन चालक आदि प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने इस गंभीर परेशानी के मद्देनजर सिंचाई विभाग से नहर का पानी अन्य स्थान से निकालने की मांग की ताकि अंडरपास में जलभराव की समस्या से निजात मिल सकें। ग्रामीण बिठ्ठल बंजारा, गिर्राज, रामस्वरूप, अंकित, राजकुमार आदि ने बताया कि पंचायत क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीण स्टेट हा वे 51 के पास स्थित अंडर रेलवे पास में गहरे गड्ढों और जलभराव की समस्या से त्रस्त हैं। स्थिति यह है कि यहां से गुजरने वाले स्कूली विद्यार्थियों को जलभराव की स्थिति में ऊपर से गुजर रहे रेलवे ट्रैक को पार कर स्कूल जाना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का भय बना रहता है। वाहन चालक और पैदल राहगीर भी अंडरपास से आवागमन करते हैं। यहां हो रहे गहरे गड्ढे, बाहर निकले हुए लोहे के सरिए और लगातार जलभराव के कारण बड़े हादसे की संभावना बनी हुई हैं। ग्रामीणों ने मार्ग को दुरुस्त किए जाने, अंडरपास में एक फुट गहरे गड्ढों को भरने और सड़क किनारे निकले सरियों को हटाने की मांग की है।

### निगम ने एक दिन में 74 गौवंश पकड़े

**कोटा,** (निसं)। शहर की सड़कों को निराश्रित गौवंश से मुक्त करवाने के लिए नगर निगम ने वृहद अभियान प्रारंभ किया है। इसके तहत मंगलवार रात और बुधवार को 74 गौवंश को पकड़कर निगम के कायन हाउस पहुंचाया गया। आयुक्त ओम प्रकाश मेहरा ने बताया कि सड़कों पर घूमने वाले निराश्रित गौवंश के कारण आमजन को परेशानी होती है। उनके कारण यातायात भी बाधित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। इसी को देखते हुए वृहद अभियान प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त एचडी सिंह और भावना सिंह को इसमें प्रभारी बनाते हुए गौवंश को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से तीनों पारियों में होमगाड्र्स की भी तैनाती की गई है। अभियान के तहत एमबीएस अस्पताल, माला रोड़, सोगरिया और भीमगंजमंडी क्षेत्र में 45 जबकि सीएडी सर्किल, पुलिस कंट्रोल रूम, डीसीएम रोड, जवाहर नगर व तलवंडी क्षेत्र से 29 गौवंश को पकड़कर कायन हाउस पहुंचाया गया हैं। आयुक्त मेहरा ने कहा कि कई पशुपालक भी अपने पशुओं को जानबूझकर सड़क पर छोड़ रहे हैं। निगम की ओर से उनकी चेतावनी दी गई है कि यदि यह पशु सड़क पर घूमते पकड़े जाते हैं तो उनको छोड़ा नहीं जाएगा।

### पिता-पुत्रों को तीन-तीन वर्ष का कारावास

**छबड़ा** (निसं)। अपर जिला सेशन न्यायाधीश ने 10 साल पुराने एक मामले का निस्तारण करते हुए पिता पुत्रों को तीन तीन वर्ष के कारावास व एक हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। अपर लोक अभियोजक अमृतलाल लोधा ने बताया कि यह मामला मांगीबाई पत्नी रामकल्याण गुर्जर, निवासी ग्राम काल्पाजागीर, थाना छीपाबड़ौद की लिखित रिपोर्ट से जुड़ा है। मांगीबाई ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि एक शाम करीब 6 बजे उनके बेटे लेखराज को रामहेत गुर्जर, कन्हैयालाल, रायसिंह व इनके पिता आत्माराम ने रोक लिया और आरोपियों ने लेखराज के साथ गंडासी और तलवार से मारपीट की। रामहेत के पास तलवार थी, जबकि अन्य आरोपियों के पास गंडासी और लकड़ी थी। मांगीबाई ने आरोप लगाया कि इन सभी ने पुरानी रंजिश के चलते उनके बेटे को जान से मारने की नियत से हमला किया था। घटना के समय पड़ोसी हुकमचंद सेन ने भी यह वारदात देखी थी।अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में मांगीबाई, राजेशबाई, नटीबाई, मोहनलाल, लेखराज, रामहेत, ओमप्रकाश और सोनू के बयान दर्ज कराए गए। न्यायालय ने विवेचना के बाद आरोपियों को दोषी मानकर सजा सुनाई।

### ठेकेदार पर बिना अनुमति के जीएसएस से कीमती सामान ले जाने का आरोप, मामला दर्ज

**छबड़ा** (निसं)। विद्युत निगम के जेईएन व किसान मारपीट मामले में नया मोड़ सामने आया है। राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन अध्यक्ष ने ठेकेदार के विरुद्ध अभद्र व्यवहार करने व जबरन बिना अनुमति के जीएसएस से कीमती सामान ले जाने का परिवाद दिया था। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अध्यक्ष चंद्रमोहन मेहता द्वारा दिये परिवाद में बताया कि 20 नवंबर को वह कनिष्ठ अभियंता कार्यालय में आवश्यक कार्य से गया था। जब वह जीएसएस पर गया तो उसने देखा कि ठेकेदार कोशल नागर द्वारा जीएसएस परिसर में रखे हुए कीमती सामान बॉयलर जिसका अनुमानित वजन 10 से 15 क्विंटल वजन होगा। जिसे चोरी की नियत से बगैर अनुमति के ट्रैक्टर में लोड कर रहा था। उसने इसकी जब अपने मोबाइल में रिकार्डिंग करने लगा तो वह उसके पास आकर गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा और कहने लगा कि मैं बताऊँगा तेरे को नौकरी करना और कहने लगा मैं बड़े-बड़े लोगो ओर अधिकारियो से सेटिंग है। मैं तेरी हालत खराब कर दूँगा।

### कॉलेज में 76वां संविधान दिवस मनाया

**छबड़ा** (निसं)। स्ववितपोशित कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इका के तत्वाधान में 76वॉ संविधान दिवस मनाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बिरधीलाल बैरवा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आरसी मीणा ने की। बैरवा ने कहा कि हमारा संविधान ही हमारा स्वाभिमान है, संविधान मनुष्य को कई तरह की शक्तियां और अधिकार प्रदान करता है। संविधान द्वारा आज का मनुष्य किसी भी विद्यालय, विश्वविद्यालय में प्रवेश ले सकता है। संविधान के बलबूते पर आज की महिलाएं पढ़ लिख कर सेना में जा रही है, हवाई जहाज उडा रही है, अध्यापक, डॉक्टर, इंजीनियर और विभिन्न प्रशासनिक सेवाओं में जा रही है। प्राचार्य डॉ. मीणा ने कहा कि संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान को लिखा और संविधान के अंदर मानव को क प्रकार के अधिकार और कर्तव्य प्रदान किए हैं। यहां सहायक आचार्य डॉ. सुरेश वैष्णव, रामावतार मीना, प्रदीप भार्गव आदि मौजूद थे।

### उपचार कराने आए मरीज की जेब कटी

**छबड़ा** (निसं)। चिकित्सालय में मरीज को उपचार करवाना उस वक्त महंगा पड़ गया, जब उसकी जेब में रखी 10 हजार की नगदी चोरी हो गई। पीड़ित ने थाने में परिवाद दे दिया है। खांकरा गांव के रहने वाले मोहनलाल के अनुसार वह राजकीय चिकित्सालय में स्वयं का उपचार कराने आया था। वह चिकित्सक को दिखाने के लिए लाइन में खड़ा हुआ था कि पर्ची पर चिकित्सक द्वारा दवाई गोली देने के बाद जाने लगा तो कुर्ते की जेब में हाथ डाला तो जेब में रखे 10 हजार 500 रुपए गायब मिले। जिन्हें कोई अज्ञात चोर चुरा ले गया।

### जनसुनवाई स्थगित

**बूंदी** (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रगति पर है। विशेष गहन पुनरीक्षण के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की व्यस्तता को दृष्टिगत रखते हुए, माह दिसंबर 2025 और जनवरी 2026 में आयोजित होने वाली त्रि-स्तरीय जन सुनवाई को स्थगित कर दिया गया है।

# कोटा के नए संभागीय आयुक्त अग्रवाल ने कार्यभार ग्रहण किया

■ 'आमजन की समस्याओं का होगा त्वरित निस्तारण'



कोटा के नए संभागीय आयुक्त अनिल अग्रवाल ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

**कोटा,** (निसं)। कोटा के नए संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने बुधवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं की त्वरित निस्तारण हो, पेंडेंसी खत्म हो और विभिन्न कार्य गुणवत्तापूर्ण हों, इस पर ध्यान दिया जाएगा।

प्रक्रिया का सरलीकरण एवं पारदर्शिता अपनाकर आमजन को लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। कोटा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित शहर बनाने के प्रयास किए जाएंगे। संभागीय आयुक्त ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना प्रपत्र डिजिटाईजेशन की प्रक्रिया को गति दी जाएगी। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अपने चेंबर में अधिकारियों की बैठक भी ली। बैठक में संभागीय आयुक्त कार्यालय, कोटा विकास प्राधिकरण एवं सिंचित क्षेत्र विकास विभाग के अधिकारियों से विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को नवाचार अपनाने एवं आउट ऑफ बॉक्स आईडिया लागू करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाएं। उन्होंने फाईल निस्तारण में लगने वाले समय के बारे में भी पूछा। अधिकारियों ने बताया कि फाईल निस्तारण का पूरा कार्य राजकाज के माध्यम से ऑनलाइन किया जा रहा है। बैठक में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त एवं केडीए आयुक्त ममता तिवाड़ी, नगर निगम आयुक्त ओ.पी.मेहरा, केडीए सचिव मुकेश चौधरी, अतिरिक्त आयुक्त सीएडी कुशल कुमार कोठारी, सीएडी के अभियंता एवं अन्य उपस्थित थे। इससे पहले संभागीय आयुक्त कार्यालय पहुंचने पर अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

**भविष्य के विजन के साथ बने मास्टर प्लान:**-संभागीय आयुक्त एवं केडीए अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण करने के तुरंत बाद केडीए सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने वर्ष 2047 के विजन को ध्यान में रखकर विकास योजनाएं बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रस्तावित मास्टर प्लान के बारे में भी जानकारी ली और कहा कि भविष्य की सोच के साथ उसमें सारे प्रावधान शामिल किए जाएं।

अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में 2031 तक का मास्टर प्लान लागू है जिसके आधार पर जोनल प्लान भी बनाए हुए हैं। उन्होंने निदेशक वित्त से प्राधिकरण द्वारा लिए गए ऋणों एवं विकास कार्यों के लिए बनाए गए प्रस्तावों के बारे में जानकारी ली। केडीए अध्यक्ष ने प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही आवासीय एवं कॉर्मिशियल योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने आगामी प्रस्तावित योजनाओं के बारे में भी पूछा और बजट घोषणाओं की प्रगति की जानकारी ली।

अधिकारियों ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा कुछ समय पहले "नन्दग्राम" आवासीय योजना एयरपोर्ट रोड़ पर बड़गांव के पास और "रस्टिक फार्म" हाउस योजना बल्लोप, बूंदी रोड पर लॉन्च की गई। "रस्टिक फार्म" हाऊस योजना में 18 फार्म हाऊस का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया गया। इसमें अलग-अलग फार्म हाऊस का क्षेत्रफल 1500 से 3000 वर्ग मीटर तक है। इसके अलावा निम्न आय वर्ग को रियायती दर पर भूखंड उपलब्ध कराने के लिए कोटा विकास प्राधिकरण ने नए साल की शुरुआत यानी एक जनवरी को दो आवासीय योजनाएं भी लॉन्च की थी। बैठक में केडीए सचिव मुकेश चौधरी, अतिरिक्त आयुक्त सीएडी कुशल कुमार कोठारी, उपायुक्त भूमि अवाप्ति मालविका त्यागी, उपायुक्त हर्षित वर्मा, निदेशक वित्त नीतू सिंह, निदेशक अभियांत्रिकी रविन्द्र माथुर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**केडीए कार्यालय का निरीक्षण किया:**- कोटा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष ने केडीए अधिकारियों की बैठक लेने से पहले केडीए परिसर का दौरा किया। उन्होंने परिसर में घूमकर विभिन्न सेक्शन देखे। नागरिक सेवा केन्द्र जाकर उन्होंने ऑनलाईन सर्विसेस की जानकारी ली और बेहतर डिलीवरी के निर्देश दिए। भू-अभिलेख निरीक्षक के कमरे में जाकर उन्होंने वहां होने वाले कार्यों और प्रक्रिया के बारे में पूछा।

# गरीब, दलित सहित सभी को समानता का अधिकार देता है संविधान : संदीप शर्मा

■ 'अधिकारों के साथ, कर्त्तव्यों को निभाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी'

**कोटा,** (निसं)। संविधान दिवस के अवसर पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी व जिलाध्यक्ष राकेश जैन के सानिध्य में भारतीय जनता पार्टी शहर जिला कोटा द्वारा अदालत चौराहा स्थित बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया। इस अवसर पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि देश की आजादी के बाद देश का स्वंय का संविधान हो, महिलाओं, युवाओं, किसानों गरीबों दलितों को उनको अधिकार मिले, सभी की भावना को ध्यान में रखते हुए, भारत के संविधान की रचना हुई।

पीएम मोदी ने 1 अक्टूबर 2015 को मुंबई में डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की आधारशिला रखते हुए यह घोषणा की थी कि 26 नवंबर, संविधान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। तब से प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारत में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। यह दिन हमें संविधान के महत्व, उसके मूल्यों और नागरिकों के अधिकार-कर्तव्यों की याद दिलाता है।

लाडपुरा विधायक कल्पना देवी अपने संबोधन में कहा कि देश के निर्माण में सभी रियासतों ने अपने आपको मिलाकर अपना योगदान दिया, उसी दौरान राजस्थान प्रदेश को चलाने के लिये दो साल तक कोटा रियासत ने अपना योगदान दिया। हम हमारी मांग रखते है, अधिकारों की बात भी करते है, लेकिन इसके साथ हमे देश के प्रति हमारे कर्त्तव्यों को भी ध्यान मे रखना जरूरी हैं।

जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने अपने संबोधन मे कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समानता, स्वतंत्रता और न्याय के सिद्धांतों को शामिल करने के लिए संविधान का मसौदा तैयार किया, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों के अधिकारों को सुनिश्चित करना था। उन्होंने देश के लिए एक आधुनिक, न्यायपूर्ण और समानता-आधारित संविधान बनाने में मुख्य भूमिका निभाई।

उनके विचार, ज्ञान और नेतृत्व के कारण उन्हें 'संविधान निर्माता' के रूप में सम्मान दिया जाता हैं। जैन ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में संविधान की भावना अनुरूप कार्य किए जा रहे जबकि पूर्व की सरकारों ने सदैव संविधान की भावना के साथ खिलवाड़ करते हुए संविधान का दुरुपयोग करते हुए चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त करने का कार्य किया था हमारा हर कदम संविधान को मजबूत करने वाला होना चाहिए।

हमारे संविधान निर्माताओं ने जो सपने देखे थे, उन्हें साकार करने का दायित्व हम सबका है। हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान है। जब हम अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करते हैं, तो देश की सामाजिक और आर्थिक प्रगति कई गुना बढ़ जाती है। हम सभी को संवैधानिक कर्तव्यों को सर्वोपरि रखना चाहियें, क्योंकि यही एक मजबूत और जीवंत लोकतंत्र की वास्तविक नींव हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता गोविंद शर्मा, कार्यक्रम संयोजक रामलाल टटवाडिया, एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री अशोक मीणा, जिला महामंत्री रितेश चित्तौड़ा, शैलेन्द्र ऋषी, जिला उपाध्यक्ष सतीश चौधरी, रामावतार मराठा, जीतेन्द्र खजांची, कुलदीप सिंह तलवार, जिला मंत्री दीपक मीणा, सह कोषाध्यक्ष सुनील भटनागर, कार्यालय मंत्री प्रदीप राठौर, प्रवक्ता जगदीश सिंह मोहिल, अमित सेन, राजेंद्र गुप्ता, प्रकोष्ठ संयोजक के पी सिंह, लाभार्थी प्रमुख लोकेश भट्ट, मन की बात प्रमुख महेन्द्र सिंह सिसोदिया, युवा प्रमुख रोहित चंदेल, पुनित चतुर्वेदी, ओबीसी मोर्चा से अमित उराड़िया, अल्पसंख्यक मोर्चा से साहिल मिर्जा, पार्षद राकेश पुटरा, अशोक बादल, मण्डल अध्यक्ष संजय समीर सैनी, नरेन्द्र मेघवाल, मनोज गोस्वामी, मण्डल प्रतिनिधि सत्यनारायण शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह हाडा, सोनिया सिंह राठौड़, रोहित महावर, मुकेश अरविंद, मुकेश चावला, वेद प्रकाश शर्मा, प्रियंका गौतम, ममता पारेता, चमेली देवी, बबिता कोणार्क, सोनू सिंह, तनिषा बादल, चंद्रमोहन योगी, पूर्व जिलाध्यक्ष एससी मोर्चा राकेश सफेला, पूर्व जिलामंत्री विरेन्द्र भानावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एनसीसी के माध्यम से युवा देश सेवा के मार्ग पर आगे बढ़े : प्रो. निमित चौधरी

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के आर्मी विंग एनसीसी विंग के दो प्रतिभाशाली कैडेट्स द्वारा एनसीसी अधिकारी डॉ.शांतिलाल मीणा के निर्देशन में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण के लिए डीजी एनसीसी कमांडेशन कार्ड से सम्मानित किया गया है। आरटीयू के सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि यह सम्मान एनसीसी के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान और कर्तव्यनिष्ठ सेवा के लिए प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरटीयू एनसीसी विंग से हर वर्ष कई छात्र अधिकारी रैंक में चयनित होकर भारतीय थलसेना, नौसेना एवं वायुसेना में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं, जो विश्वविद्यालय के एनसीसी विंग की सशक्त प्रशिक्षण प्रणाली, अनुशासनात्मक संस्कृति और समर्पित मार्गदर्शन का जीवंत प्रमाण है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपरांत कैडेट कुशल गौर और कैडेट ट्विंकल दाधीच ने विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. निमित रंजन चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। कुलगुरु प्रो.चौधरी ने दोनों कैडेट्स कोकृकुशल गौर और ट्विंकल दाधीच उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई दी तथा उन्हें भविष्य में भारतीय सशस्त्र बलों में सेवा देने हेतु प्रेरित करते हुए लक्ष्य पर केंद्रित रहकर निरंतर प्रयास करते रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आरटीयू के एनसीसी कैडेट्स की यह उपलब्धि पूरे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। एनसीसी युवाओं में अनुशासन, साहस और नेतृत्व का विकास करता है। हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे ये कैडेट्स भविष्य में देश सेवा के क्षेत्र में भी नई ऊँचाईयाँ प्राप्त करेंगे।

# शाहाबाद के जंगल नष्ट कर पंप स्टोरेज प्लांट पर रोक लगाने के लिए पी.एम. को पत्र लिखा

**कोटा,** (निसं)। पर्यावरण संरक्षण व जलवायु परिवर्तन के खतरे को रोकने के लिए लम्बे समय से कार्यरत हम लोग संस्था ने शाहाबाद में प्रस्तावित 1800 मेगावाट की पंप स्टोरेज विद्युत परियोजना पर पुनर्विचार कर रोक लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजा है।

संस्था के संयोजक डॉ. सुधीर गुप्ता की ओर से भेजे गए पत्र में इस प्लांट से नष्ट होने वाले शाहाबाद के जंगल व यहां की दुर्लभ जड़ी बुटियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए लिखा है कि यदि इस प्लांट पर रोक लगाकर शाहाबाद के जंगल को नष्ट होने से नहीं रोका गया तो पर्यावरण को बेहद नुकसान होगा। यह परियोजना एक अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्र को नष्ट कर देगी, तथा देश के कई प्रमुख पर्यावरणीय और सामाजिक संरचना को सीधे तौर पर कमजोर कर देगी। प्रस्तावित भूमि कोई बंजर या क्षरित भूमि नहीं है।

यह एक महत्वपूर्ण, जैव विविधता तथा अत्यंत दुर्लभ प्रजातियों के पेड़ों से आच्छादित भूमि हैं। इस वन भूमि की उपयोगिता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि करीब तीन वर्ष पहले, स्थानीय वन विभाग ने वर्तमान में जहां परियोजना का निर्माण प्रस्तावित है उस क्षेत्र में दो संरक्षण रिजर्व घोषित करने की सिफारिश की थी। इस परियोजना के लिए 624.17 हेक्टेयर भूमि आवंटित करने की आवश्यकता है, जिसमें से 407.82 हेक्टेयर वन भूमि और 216.35 हेक्टेयर गैर-वन भूमि के रूप में वर्गीकृत है।

यह वन क्षेत्र जैव विविधता से समृद्ध है, जिसमें 46.87 प्रतिशत स्थानीय पेड़ और झाड़ियां हैं, साथ ही यह क्षेत्र संरक्षण मूल्य वाली 113 पादप प्रजातियों को आश्रय प्रदान करता हैं। यह क्षेत्र वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में शामिल प्रजातियों के जीवों का आवास है। पत्र में बताया गया है कि यह क्षेत्र वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत संरक्षित प्रजातियों का एक प्रमाणित आवास है, जिसमें 11 स्तनधारी, 4 पक्षी और 7 सरीसृप प्रजातियां शामिल हैं, जिन्हें उच्चतम स्तर का संरक्षण प्राप्त है। इसलिए प्रस्तावित पंप स्टोरेज प्लांट से इन प्रजातियों के नष्ट होने का खतरा है, ऐसे में इस स्थान पर प्लांट लगाना अव्यहारिक तथा वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के विरुद्ध है। ऐसे में इस परियोजना पर तत्काल रोक लगाई जाए।

कुनो चीता कॉरिडोर परियोजना के साथ सीधा टकराव:- हम लोग संस्था की ओर से प्रधानमंत्री को भेजे गए पत्र में लिखा है कि यह परियोजना कुनो चीता पुनर्स्थापन परियोजना के लिए सीधा खतरा है। जिस परियोजना की सूक्ष्मता के साथ आपके कार्यालय द्वारा निगरानी रखी जा रही हैं। शाहाबाद पंप स्टोरेज पावर प्लांट परियोजना स्थल कुनो राष्ट्रीय उद्यान से केवल 42 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और गांधी सागर तक फैले महत्वपूर्ण प्रस्तावित चीता कॉरिडोर के बिल्कुल भीतर आता है।

# जिला कलेक्टर ने समीक्षा बैठक ली

**बूंदी** (निसं)। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक बुधवार को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें नगरपालिकावार वर्तमान में आवास निर्माण की प्रगति की जानकारी लेकर, लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जिला कलक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के फेज द्वितीय के तहत प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या की जानकारी ली और अधिकारियों को लंबित आवेदनों के निस्तारण की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वीकृति योग्य आवेदनों को शीघ्र स्वीकृत करवाकर आवेदकों को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएं।

जिला कलेक्टर ने कहा कि यदि कोई लाभार्थी किश्त जारी होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं करवाता है तो उसके खिलाफ विभागीय नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। बैठक में स्वनिधि योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए विशेष प्रयास करने पर जोर दिया गया। उन्होंने संबंधित बैंकों से आपसी समन्वय बनाकर अधिकाधिक पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ दिलाने को सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने नगरपालिकावार स्वनिधि योजना के तहत लक्ष्य निर्धारित करते हुए, इन लक्ष्यों को शत प्रतिशत अर्जित करने के निर्देश दिए। यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि योजना में प्राप्त आवेदनों को नियमित रूप से पोर्टल पर अपलोड किया जाएं।

# ब्राह्मण समाज ने नाराजगी जताई

**कोटा,** (निसं)। सर्व ब्राह्मण समाज युवा संभाग अध्यक्ष ईश्वर शर्मा एवं युवा जिला अध्यक्ष प्रेम शंकर शर्मा बबलू के नेतृत्व में सर्व ब्राह्मण समाज एवं संपूर्ण मातृशक्ति द्वारा ब्राह्मण बेटी के अपमान में कह गए संतोष वर्मा के बयान की घोर निंदा की एवं उनके खिलाफ समस्त ब्राह्मण संगठनों को साथ लेकर मुकदमा दर्ज करने की पूर्ण तैयारी कर ली है। मातृशक्ति की उमा व्यास, संतोष शर्मा, सविता शर्मा, विजयलक्ष्मी, अंजना दीक्षित, वंदना वशिष्ठ ने इसे ब्राह्मण समाज की बेटी का अपमान बताया है और सरकार से मांग की है कि वह संतोष वर्मा को शीघ्र इसके पद से बर्खास्त करें एवं इसके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए। कोटा दक्षिण के युवा अध्यक्ष नवीन शर्मा ने सभी मातृ शक्तियों से आव्हान किया है कि वह सोशल मीडिया पर इसे ज्यादा से ज्यादा शेयर करके प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचाएं। इस प्रकरण को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज ने एक सर्वदलीय बैठक प्रस्तावित की है जिसमें कोटा के अधिवक्ताओं से वार्तालाप करके इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्णय लिया है।


**कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)**

क्रमांक:-नपबा/भूमि रुपां./2025/7392 दिनांक:- 21.11.25

**भू-उपयोग परिवर्तन विज्ञप्ति**

नगरीय विकास विभाग की समय समय पर जारी परिपत्र/अधिसूचना के तहत बनाये गये राजस्थान नगरीय क्षेत्र (भू उपयोग परिवर्तन नियम) के अन्तर्गत सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निम्न प्रकरण का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय भू उपयोग परिवर्तन समिति में रखा जाना प्रस्तावित हैं। उक्त भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम खसरा नं. | जोनल प्लान (जॉन बी) में भू-उपयोग | प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन | क्षेत्रफल | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राकेश गुप्ता पुत्र श्री गोपाल कृष्ण गुप्ता निवासी कृष्णा नगर कोटा रोड बारां तह. व व जिला बारां (राज.) | काजीखेडा खसरा नं. 258 एकल भूखंड | सड़क मार्गाधिकार के बाद मिश्रित पश्चात आवासीय | आवासीय से व्यवसायिक | 404.27 वर्गमीटर | |

आयुक्त नगर परिषद बारां

**कार्यालय नगर निगम, कोटा**

क्रमांक:-ननिको/भ.नि.अनु./जोन-तृतीय/2025/629-30 दिनांक:-24.11.25

**सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मोहनलाल पुत्र श्री दुलीचन्द निवासी-75, श्रीनाथपुरम कोटा राजस्थान द्वारा आवास/भूखण्ड 52, प्रकाश भवन चर्च के पास, रंगपुर रोड नं 4. डडवाडा भीमगजमण्डी कोटा जं. कोटा जिसका क्षेत्रफल 912 वर्गफीट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तानान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

आवास/भूखण्ड 52, प्रकाश भवन चर्च के पास, रंगपुर रोड़ नं 4. डडवाडा भीमगजमण्डी, कोटा जं. कोटा स्थित भूखण्ड का आवंटन म्यूनिसिपल बोर्ड शहर, कोटा द्वारा श्री रामस्वरूप पुत्र श्री चिरोंजीलाल जिसका कुल क्षेत्रफल 4536 वर्गफीट आंवटित किया गया। श्री रामस्वरूप पुत्र श्री चिरोंजीलाल की मृत्यु उपरान्त उनके विधिक वारिसान 1. श्री ओमप्रकाश 2. श्री प्रेमप्रकाश 3. श्री हरिप्रकाश पुत्र श्री रामस्वरूप द्वारा अभिस्वीकृति पत्र (विभाजन) से एक भाग श्री ओमप्रकाश को प्राप्त हुआ श्री ओमप्रकाश द्वारा रजिस्टर्ड दान पत्र दिनांक 19.10.2004 को श्री अनिल कुमार सक्सैना पुत्र श्री ओमप्रकाश सक्सैना के पक्ष में निष्पादित किया गया। श्री अनिल कुमार सक्सैना पुत्र श्री ओमप्रकाश सक्सेना द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 08.12.2004 को श्री मोहनलाल पुत्र श्री दुलीचन्द के पक्ष में निष्पादित किया गया।

आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आवास/भूखण्ड 52, प्रकाश भवन चर्च के पास रंगपुर रोड़ नं 4. डडवाडा भीमगंजमण्डी, कोटा जं. कोटा द्वारा कुल क्षेत्रफल (912 वर्गफीट) का नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त आवास/भूखण्ड 52, प्रकाश भवन चर्च के पास, रंगपुर रोड़ नं. 4. डडवाडा भीमगजमण्डी कोटा जं. कोटा का नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखण्ड से सबंध रखता है, को कोई आपत्ती हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ती लिखित रूप से अद्यो-हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्ध